भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1564

जिसका उत्तर 02.08.2021 को दिया जाना है

सड़कों के निर्माण संबंधी प्रस्ताव

1564. श्री नीरज डांगी:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान सड़क निर्माण परियोजनाओं के संबंध में राजस्थान से वर्ष-वार कितने प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं;

(ख) सरकार द्वारा अनुमोदित प्रस्तावों की संख्या कितनी है, और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) सड़क निर्माण परियोजनाओं से संबंधित विचाराधीन और लंबित प्रस्तावों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) लंबित प्रस्तावों को कब तक स्वीकृत किए जाने की संभावना है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) और (ख): इस मंत्रालय द्वारा पिछले तीन वर्षों में 24303 करोड़ रु. की राशि की कुल 76 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के प्रस्ताव प्राप्त हुए और अनुमोदित किए गए थे। वर्ष-वार विवरण अनुबंध-। में दिया गया है।

(ग) और (घ): वार्षिक योजना 2021-22 के अंतर्गत 36 राष्ट्रीय राजमार्ग प्रस्ताव शामिल हैं। ऐसी परियोजनाओं का विवरण अनुबंध-।। में दिया गया है।

अनुबंध-।

'सड़कों के निर्माण संबंधी प्रस्ताव' के संबंध में श्री नीरज डांगी द्वारा पूछे गए दिनांक 02.08.2021 के राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1564 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

क्र. सं.	कार्य का नाम	लंबाई (किमी)	संस्वीकृत लागत (करोड़ रु. में)
	वर्ष 2018-19		
1	ईपीसी मोड पर राजस्थान राज्य में रारा-248 (अलवर - नूह खंड) के किमी 92+400 से किमी 127+ 350 तक सर्विस रोड (के भाग की लंबाई में) के साथ पेव्ड शोल्डर सहित 2 लेन में उन्न्यन	34.95	178.13
2	ईपीसी मोड पर राजस्थान राज्य में नया रारा-752 (पुराना रारा-90) के किमी 55+430 से किमी 64+530 (डिजाइन चै.-0+000 to 8+300) तक चिप्पा रोड बाइपास का पेव्ड शोल्डर संरेखण सहित 2 लेन में निर्माण और रारा-90 पर किमी 72+080 से किमी 72+680 तक तथा किमी 78+750 से किमी 79+300 तक का सुधार (कुल लंबाई 9.2 किमी)	9.2	73.001
3	राजस्थान राज्य में रारा- 168ए के संचोर (रारा-68 के साथ टी जंक्शन पर) नेनवा (गुजरात सीमा) खंड के किमी 0+000 से किमी 11+800 तक पेव्ड शोल्डर सहित 2 लेन में चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण	11.8	90.25
4	ईपीसी मोड पर राजस्थान राज्य में नया रारा-752 (पुराना रारा-90) पर कवई बाइपास के किमी 41+560 से किमी 50+650 (डिजाइन चैनेज 0+000 से 8+ 700) (कुल लंबाई 8.7 किमी) तक पेव्ड शोल्डर संरेखण सहित 2 लेन में निर्माण	8.7	78.954
5	ईपीसी मोड पर राजस्थान राज्य में रारा-158 के रास - ब्यावर- बडनोर - असिंद - माडल सड़क के किमी 119/0 से 139/580 तक सुदृढ़ीकरण कार्य	20.58	11.37
6	भारतमाला परियोजना (चरण-1) के तहत ईपीसी मोड पर राजस्थान राज्य में अमृतसर - जामनगर आर्थिक गलियारे के एक भाग में रारा-754के के रासीसर (बीकानेर के निकट) - देवगढ़ (ढढनिया के निकट) खंड के किमी 30+00 से किमी 60+00 तक 6-लेन पहुंच नियंत्रित ग्रीनफील्ड राजमार्ग का निर्माण (एजे/आरडी-पैकेज-2)	30.00	484.85
7	भारतमाला परियोजना (चरण-1) के तहत ईपीसी मोड पर रारा-754के के किमी 90+00 से किमी 120+00 तक 6-लेन पहुंच नियंत्रित ग्रीनफील्ड राजमार्ग का निर्माण (एजे/आरडी-पैकेज-4)	30.00	414.76
8	भारतमाला परियोजना (चरण-1) के तहत ईपीसी मोड पर रारा-754के के किमी 120+0 से किमी 148+0 तक 6-लेन पहुंच नियंत्रित ग्रीनफील्ड राजमार्ग का निर्माण (एजे/आरडी-पैकेज-5)	28.00	424.19
9	भारतमाला परियोजना (चरण-1) के तहत ईपीसी मोड पर रारा-754के के किमी 170+0 से किमी 200+0 तक 6-लेन पहुंच नियंत्रित ग्रीनफील्ड राजमार्ग का निर्माण (एजे/एसआर-पैकेज-7)	30.00	330.81
क्र. सं.	**कार्य का नाम**	**लंबाई (किमी)**	**संस्वीकृत लागत (करोड़ रु. में)**
10	भारतमाला परियोजना (चरण-1) के तहत ईपीसी मोड पर रारा-754के के किमी 200+0 से किमी 225+0 तक 6-लेन पहुंच नियंत्रित ग्रीनफील्ड राजमार्ग का निर्माण (एजे/एसआर-पैकेज-8)	25.00	435.41

11	भारतमाला परियोजना (पैकेज -6) के तहत ईपीसी मोड पर दिल्ली - वड़ोदरा ग्रीन फील्ड संरेखण (रारा-148एन) के केशोपुरा रोड के जंक्शन प्रारंभ से रारा-11 (किमी 151+84 से किमी 183+0) के जंक्शन के साथ 8-लेन कैरिजवे का निर्माण	31.16	931
वर्ष 2019-2020			
12	ईपीसी मोड पर नया रारा-752 (पुराना रारा-90) पर अकलेरा बाइपास के किमी 90+840 से नया रारा-52 (पुराना रारा-12) पर किमी 387+400 (डिजाइन चै.-0+000 से 5+000), (कुल लंबाई 5.000 किमी) तक पेव्ड शोल्डर संरेखण सहित 2 लेन में निर्माण	5.00	50.70
13	ईपीसी मोड पर राजस्थान राज्य में रारा-89 (नया रारा-58) पर अजमेर - नागौर खंड के किमी 0.000 से किमी 148.25 तक शेष कार्य के निष्पादन द्वारा पेव्ड शोल्डर संरेखण सहित 2 लेन में उन्नयन	36.13	255.23
14	ईपीसी मोड पर राजस्थान राज्य में रारा-89 (नया रारा-62) पर नागौर - बीकानेर खंड के किमी 177.00 से किमी 267.325 तक शेष कार्य के निष्पादन द्वारा पेव्ड शोल्डर संरेखण सहित 2 लेन में उन्नयन	74.90	370.36
15	ईपीसी मोड पर राजस्थान राज्य में रारा-162ई (भटेवर - मावली - नाथद्वारा - लूजिंग - कुंभलगढ़ –चारभुजा सड़क) के किमी 20/0 से 35/0 , किमी 51/0 से 56/0, 80/0 से 84/0 और 140/0 से 150/0 तक मौजूदा पेवमेंट पर सुदृढ़ीकरण (आईआरक्यूपी)	34.00	15.76
16	राजस्थान राज्य में रारा-927ए (स्वरूपगंज-कोटड़ा-सोम-खेरवाड़ा - डूंगरपुर-सागवाड़ा –बांसवाड़ा से म. प्र. सीमा खंड) पर किमी 15/0 से 67/0, 72/0 से 84/0 और 130/0 से 148/0 तक सुदृढ़ीकरण / पेवमेंट के राइडिंग गुणवत्ता कार्यक्रम का सुधार	82.00	31.80
17	ईपीसी मोड पर राजस्थान राज्य में रारा- 162-ई (पाली-नडोल खंड) क्रासिंग फालना - मारवाड़ रेलवे खंड पर किमी 30/00 पाली में सोमेसर के निकट एलसी सं. सी-67 पर 4 लेन आरओबी का निर्माण	0.00	71.53
18	ईपीसी मोड पर रारा-248ए (शाहपुरा अलवर खंड) के किमी 48/700 से 62/00 तक सुदृढ़ीकरण और पुनर्निर्माण	13.30	9.97
19	रारा-11 के सीकर - बीकानेर खंड में लक्ष्मणगढ़, फतेहपुर, रोल साहबसर, रतनगढ़, राजलदेसर, किटसार, श्री डूंगरपुर और शेरुना (किमी 371.249 से 374.680, 394.458 से 398.464, 405.969 से 407.976, 432.511 से 434.00, 446.685 से 447.668, 471.239 से 472.243, 490.900 से 494.900, 521.912 से 522.913 और चै. 396.880 पर पीयूपी) पर सर्विस रोड का निर्माण	17.94	70.69
क्र. सं.	**कार्य का नाम**	**लंबाई (किमी)**	**संस्वीकृत लागत (करोड़ रु. में)**
20	ईपीसी मोड पर राजस्थान राज्य में रारा-113 के चित्तौड़गढ़ - नीमच (म. प्र. सीमा) के वन क्षेत्र में किमी 38+100 से 43+040, 46+500 से 47+080, 51+640 से 54+500 (8.40 किमी) तक में 2 लेन सड़क का निर्माण	8.40	14.00
21	ईपीसी मोड पर रारा- 921 (महवा- मंडवाड़ - राजगढ़) के किमी 0/00 से 25/400, 43/0 से 49/0 तक सुदृढ़ीकरण	31.40	13.78

22	राजस्थान राज्य में रारा-927ए (स्वरूपगंज-कोटड़ा-सोम-खेरवाड़ा- डूंगरपुर-सागवाड़ा-बांसवाड़ा से म. प्र. सीमा खंड) के किमी 0/0 से 8/0 और 67/0 से 72/0 तक सुदृढ़ीकरण / पेवमेंट के राइडिंग गुणवत्ता कार्यक्रम का सुधार	13.00	4.88
23	राजस्थान राज्य में रारा-927ए (देवल-डूंगरपुर-हिरता-वरदा-सांगवाड़ा) खंड के मौजूदा चैनेज 148/700 (रारा-8 के साथ जंक्शन) से 211/100 तक चौड़ीकरण / सुदृढ़ीकरण / पेव्ड शोल्डर सहित 2 लेन में उन्नयन कार्यों के लिए पूर्व-निर्माण गतिविधियों के लिए प्राक्कलन	0.00	49.08
24	ईपीसी मोड पर राजस्थान राज्य में रारा-79 पर किमी 7/00 से 14/00 तक चौड़ीकरण, पुलियां, फुटपाथ्ज़, क्रैश बैरियर, साइन मार्किंग, इत्यादि के प्रावधानों के माध्यम से सड़क सुरक्षा का सुधार	7.00	30.19
25	राजस्थान राज्य में रारा-927ए (स्वरूपगंज-कोटड़ा-सोम-खेरवाड़ा- डूंगरपुर-सागवाड़ा-बांसवाड़ा से म. प्र. सीमा खंड) के किमी 40/890, 60/110 और 71/910 पर विविध / क्षतिग्रस्त छोटे पुल सीडी कार्य का पुनर्निर्माण	0.00	4.02
26	भारतमाला परियोजना (पैकेज -7) के तहत ईपीसी मोड पर दिल्ली – वड़ोदरा ग्रीन फील्ड संरेखण (रारा-148एन) के रारा-11 के जंक्शन के निकट प्रारंभ होकर से रारा-11ए (किमी 183.0 से किमी 214.26) खंड के जंक्शन तक 8-लेन कैरिजवे का निर्माण	31.26	946.00
27	भारतमाला परियोजना (चरण-1) के तहत ईपीसी मोड पर राजस्थान राज्य में अमृतसर - जामनगर आर्थिक गलियारे के एक भाग में रारा-754के के सांगरिया (निकट चौटाला) - रासीसर (बीकानेर के निकट) खंड के किमी 28+700 से किमी 53+000 तक 6-लेन पहुंच नियंत्रित ग्रीनफील्ड राजमार्ग का निर्माण (एजे/एसआर-पैकेज-2)	24.30	575.00
28	भारतमाला परियोजना (चरण-1) के तहत ईपीसी मोड पर राजस्थान राज्य में अमृतसर - जामनगर आर्थिक गलियारे के एक भाग में रारा-754के के देवगढ़ (निकट धंधिया) - राजस्थान/ गुजरात सीमा खंड के किमी 21+00 से किमी 48+00 तक 6-लेन पहुंच नियंत्रित ग्रीनफील्ड राजमार्ग का निर्माण (एजे/डीआरजीबी-पैकेज-2)	27.00	348.27
क्र. सं.	**कार्य का नाम**	**लंबाई (किमी)**	**संस्वीकृत लागत (करोड़ रु. में)**
29	भारतमाला परियोजना (चरण-1) के तहत ईपीसी मोड पर अमृतसर – जामनगर आर्थिक गलियारे के एक भाग में रारा-754के के देवगढ़ (निकट धंधिया) - राजस्थान/ गुजरात सीमा खंड के किमी 48+00 से किमी 72+00 तक 6-लेन पहुंच नियंत्रित ग्रीनफील्ड राजमार्ग का निर्माण (एजे/डीआरजीबी-पैकेज-3)	24.00	454.62
30	भारतमाला परियोजना (चरण-1) के तहत ईपीसी मोड पर राजस्थान राज्य में अमृतसर - जामनगर आर्थिक गलियारे के एक भाग में रारा-754के के देवगढ़ (निकट धंधिया) - राजस्थान/ गुजरात सीमा खंड के किमी (-) 1+142 से किमी 21+00 तक 6-लेन पहुंच नियंत्रित ग्रीनफील्ड राजमार्ग का निर्माण (एजे/डीआरजीबी-पैकेज-1)	22.142	333.777
31	रारा-754के के अमृतसर - जामनगर आर्थिक गलियारा सांगरिया - रासीसर	29.00	545.00

	का 6-लेन एजे/एसआर-पैकेज-1 (0+30 से 28+70)		
32	रारा-754के के अमृतसर - जामनगर आर्थिक गलियारा सांगरिया - रासीसर का 6-लेन एजे/एसआर-पैकेज-3 (53+0 से 88+0)	35.00	504.89
33	रारा-754के के अमृतसर - जामनगर आर्थिक गलियारा सांगरिया - रासीसर का 6-लेन एजे/एसआर-पैकेज-9 (225+0 से 252+5)	27.50	495.00
34	भारतमाला परियोजना (चरण-1) के तहत ईपीसी मोड पर रारा-754के के अमृतसर - जामनगर आर्थिक गलियारा रासीसर - देवगढ़ का 6-लेन (एजे/आरडी-पैकेज-6)	29.658	399.35
35	भारतमाला परियोजना (चरण-1) के तहत ईपीसी मोड पर अमृतसर - जामनगर आर्थिक गलियारा रारा-754के के रासीसर - देवगढ़ के किमी 1+900 से किमी 30+00 तक 6-लेन (एजे/आरडी-पैकेज-1)	28.10	426.69
36	भारतमाला परियोजना (चरण-1) के तहत ईपीसी मोड पर अमृतसर - जामनगर आर्थिक गलियारा रारा-754के के रासीसर - देवगढ़ के किमी 60+00 से किमी 90+00 तक 6-लेन (एजे/आरडी-पैकेज-3)	30.00	452.29
37	रारा-754के के अमृतसर - जामनगर आर्थिक गलियारा सांगरिया - रासीसर का 6-लेन (एजे/एसआर-पैकेज-6) (140+0 से 170+0)	30.00	405.00
38	रारा-754के के अमृतसर - जामनगर आर्थिक गलियारा सांगरिया - रासीसर का 6-लेन (एजे/एसआर-पैकेज-4) (88+0 से 1115+0)	27.00	405.00
39	रारा-754के के अमृतसर - जामनगर आर्थिक गलियारा सांगरिया - रासीसर का 6-लेन (एजे/एसआर-पैकेज-5) (115+0 से 140+0)	25.00	355.62
40	भारतमाला परियोजना (पैकेज -8) के तहत ईपीसी मोड पर दिल्ली - वड़ोदरा ग्रीन फील्ड संरेखण (रारा-148एन) के रारा-11ए के जंक्शन के निकट आरओबी के प्रारंभिक बिंदु के निकट से आरंभ से एमडीआर-1 (बनोली - झलाई रोड) (चै.. 214.26 से 247.31) के जंक्शन तक 8-लेन कैरिजवे का निर्माण	33.05	880.11
क्र. सं.	**कार्य का नाम**	**लंबाई (किमी)**	**संस्वीकृत लागत (करोड़ रु. में)**
41	अमृतसर - जामनगर आर्थिक गलियारा देवगढ़ (निकट धंधिया) - राजस्थान/ गुजरात सीमा तक 6-लेन पहुंच नियंत्रित ग्रीनफील्ड राजमार्ग (चरण-1) (किमी 125+0 से किमी 150+0) (एजे/डीआरजीबी-पैकेज-6)	25.00	560.18
42	अमृतसर - जामनगर आर्थिक गलियारा देवगढ़ (निकट धंधिया) - राजस्थान/ गुजरात सीमा तक 6-लेन पहुंच नियंत्रित ग्रीनफील्ड राजमार्ग (चरण-1) (किमी 150+0 से किमी 180+0) (एजे/डीआरजीबी-पैकेज-7)	30.00	415.45
43	भारतमाला परियोजना (पैकेज-9) के तहत ईपीसी मोड पर दिल्ली - वड़ोदरा ग्रीन फील्ड संरेखण (रारा-148एन) के एमडीआर-1 (बनोली - झलाई रोड से रारा-52 के इंटरेचेंज के अंतिम छोर तक (टोंक - सवाईमाधोपुर) के जंक्शन के निकट से गांव - मुइ (चै.. 247.31 से 292.95) के निकट) तक 8-लेन कैरिजवे का निर्माण	45.64	1258.11
44	अमृतसर - जामनगर आर्थिक गलियारा देवगढ़ (निकट धंधिया) - राजस्थान/ गुजरात सीमा तक 6-लेन पहुंच नियंत्रित ग्रीनफील्ड राजमार्ग	28.00	368.00

	(चरण-1) (किमी 97+0 से किमी 125+0) (एजे/डीआरजीबी-पैकेज-5)		
45	अमृतसर - जामनगर आर्थिक गलियारा देवगढ़ (निकट धंधिया) - राजस्थान/ गुजरात सीमा तक 6-लेन पहुंच नियंत्रित ग्रीनफील्ड राजमार्ग (चरण-1) (किमी 72+0 से किमी 97+0) (एजे/डीआरजीबी-पैकेज-4)	25.00	379.98
46	अमृतसर - जामनगर आर्थिक गलियारा देवगढ़ (निकट धंधिया) - राजस्थान/ गुजरात सीमा तक 6-लेन पहुंच नियंत्रित ग्रीनफील्ड राजमार्ग (चरण-1) (किमी 180+0 से किमी 207+10) (एजे/डीआरजीबी-पैकेज-8)	27.10	479.98
	वर्ष 2020-21		
47	ईपीसी मोड पर राजस्थान राज्य में रारा-58 के बावर से गोमती (पुराना चैनेज किमी 58.245 से किमी 108.600) तक पेव्ड शोल्डर सहित 4-लेन में विकास पैकेज-I.	50.36	379.23
48	ईपीसी मोड पर राजस्थान राज्य में रारा-58 के बावर से गोमती (पुराना चैनेज किमी 108.600 से किमी 144 और किमी 158.419 से किमी 173.300) तक पेव्ड शोल्डर सहित 4-लेन में विकास पैकेज-II.	50.28	339.65
49	ईपीसी मोड पर राजस्थान राज्य में रारा-8 (नया रारा-58) के किमी 144/000 से किमी 158/420 (बाघना से मादा की बस्सी) (ब्यावर- गोमती खंड) तक पेव्ड शोल्डर सहित 4-लेन में उन्नयन (पैकेज-III).	14.42	118.03
50	ईपीसी मोड पर राजस्थान राज्य में रारा-11(नया) (फतेहपुर-मंडावा-झुंझुनू रोड) पर किमी 3/400 से 50/0 (चैनेज 5.975-19.525 और 26.825-41.200 को छोड़कर) तक सुदृढ़ीकरण / चौड़ीकरण / नया निर्माण	18.68	37.04
क्र. सं.	**कार्य का नाम**	**लंबाई (किमी)**	**संस्वीकृत लागत (करोड़ रु. में)**
51	1.060 किमी लंबाई में किमी 0.000 (रारा-325 के किमी 102) पर डिजाइन चैनेज से किमी 1.060 पर डिजाइन चैनेज तक 4-लेन सड़क उपरि पुल का निर्माण	1.06	92.40
52	ईपीसी मोड पर राजस्थान राज्य में बाड़मेर जिले में बाड़मेर-जसई रोड क्रासिंग बाडमेर मुनाबाव रेलवे पर रारा-25ई पर किमी 0/500 पर मौजूदा एल सी सं. सी-328ए के स्थान पर 4-लेन आरओबी और इसके पहुंचमार्गों का निर्माण	0.00	55.28
53	ईपीसी मोड पर राजस्थान राज्य में रारा-248 (पुराना रारा-11सी) के दिल्ली - जयपुर रोड पर किमी 0/00 से 14/00 (दाई तरफ) तक का सुदृढ़ीकरण	14.00	10.76
54	ईपीसी मोड पर राजस्थान राज्य में रारा-927ए के मौजूदा चैनेज 148/170 (रारा-8 के साथ जंक्शन) से 211 /100 (देवल-डूंगरपुर-हिरता-वरदा-सांगवाड़ा) खंड) तक चौड़ीकरण / सुदृढ़ीकरण / पेव्ड शोल्डर सहित 2 लेन में उन्नयन	61.29	240.99
55	ईपीसी मोड पर राजस्थान राज्य में रारा-927ए के मौजूदा चैनेज किमी 216.440 से 227.470, 243.630 से 251.120 और किमी 214.600 से 216.440, 227.470 से 243.630 तक सुदृढ़ीकरण (सागवाड़ा, गाडी, परतापुर, नयागांव - वजवाना) खंड का चौड़ीकरण / सुदृढ़ीकरण / पेव्ड शोल्डर सहित 2 लेन में उन्नयन -(पैकेज V).	36.52	95.39

56	ईपीसी मोड पर राजस्थान राज्य में सवाईमाधोपुर सिटी में पुराना रारा-116 (नया रारा-552वि.) के किमी 76 पर मौजूदा आरओबी (रेलवे का भाग और पहुंचमार्ग) का निर्माण और चौड़ीकरण	0.00	43.03
57	रारा-552ई के सवाईमाधोपुर शिवपुर खंड पर किमी 95+380 पर 50.00 मीटर स्पान पुल का निर्माण	0.00	5.72
58	राजस्थान राज्य में रारा-927ए (स्वरूपगंज-कोटड़ा-सोम-खेरवाड़ा- डूंगरपुर-सागवाड़ा-बांसवाड़ा से म. प्र. सीमा खंड) पर किमी 55/020 में छोटे पुल का पुनर्निर्माण	0.00	3.83
59	बालतोरा से संदेराओ पाया जालौर खंड के किमी असोतरा- ब्रहमधाम बाइपास (21.700 से 24.350) और सिवाना (42.700 से 50.600) और मोकलसार (59.460 to 62.900) का पेव्ड शोल्डर सहित दो लेन में पुनर्संरेखण / बाइपास का पूर्व निर्माण और कथाडी पर बड़ा संरेखण (73.120 से 75.920) और बिशनगढ़ पर बड़ा पुनर्संरेखण (82.650 से 85.300) और जालौर बाइपास (91.600 से 105.612) और अहोर टाउन भाग (114.327 to 118.700) और दुजाना बाइपास (151.100 to 154.730) पर बड़ा पुनर्संरेखण पैकेज-IV (बाइपास पैकेज)	0.00	144.85
60	राजस्थान राज्य में फतेहपुर से झुंझुनू तक रारा-11 बाइपास पैकेज पर पेव्ड शोल्डर सहित दो लेन संरेखण कार्य के लिए निर्माण-पूर्व गतिविधियों के लिए लागत प्राक्कलन	0.00	77.55
क्र. सं.	**कार्य का नाम**	**लंबाई (किमी)**	**संस्वीकृत लागत (करोड़ रु. में)**
61	राजस्थान राज्य में नए घोषित रारा-709 वि. पर राजगढ़ बाइपास के डिजाइन चैनेज किमी 0.000 से किमी 5.150 (डिजाइन लंबाई 5.150 किमी) तक पेव्ड शोल्डर सहित दो लेन संरेखण निर्माण कार्य तथा पिलानी बाइपास के डिजाइन चैनेज किमी 36.150 से किमी 42.850 (डिजाइन लंबाई 6.700 किमी) तक नए पेव्ड शोल्डर सहित दो लेन संरेखण कार्य के लिए निर्माण-पूर्व गतिविधियां	0.00	39.26
62	रारा-458 (रायपुर-जस्साखेड़ा खंड) के लिए डीपीआर की तैयारी	0.00	0.43
63	राजस्थान राज्य में वार्षिक योजना 2020-21 के लिए रारा-113 के निंबाहेड़ा - दाहोद के प्रतापगढ़ सिटी बाइपास पर डिजाइन चैनेज किमी 00+00 (रारा-113 का किमी 74+00) से डिजाइन चैनेज किमी 11+165 (रारा-113 का किमी 81.600) तक पेव्ड शोल्डर सहित दो लेन में निर्माण कार्य के लिए निर्माण-पूर्व गतिविधियां	0.00	96.15
64	रारा- 158 के ब्यावर असिंग में किमी 30.00 से किमी 74.00 तक भूमि अधिग्रहण, पैकेज-II	0.00	63.58
65	असिंद मंडल के किमी 74 से किमी 116.750 तक भूमि अधिग्रहण, पैकेज-III	0.00	31.94
66	ईपीसी मोड पर विश्व बैंक ऋण सहायता से हरित राष्ट्रीय राजमार्ग गलियारा परियोजना (जीएनएचसीपी) के तहत राजस्थान राज्य में रारा-158 के रास-ब्यावर खंड (किमी 0.00 से किमी 30.00) का पेव्ड शोल्डर सहित 4 लेन में पुनर्स्थापन और उन्नयन, पैकेज-I.	30.00	319.09

67	ईपीसी मोड पर विश्व बैंक ऋण सहायता से हरित राष्ट्रीय राजमार्ग गलियारा परियोजना (जीएनएचसीपी) के तहत राजस्थान राज्य में रारा-158 के ब्यावर - असिंद खंड (किमी 30.00 से किमी 74.00) का पेव्ड शोल्डर सहित 2 लेन में पुनर्स्थापन और उन्नयन, पैकेज-II	44.00	183.12
68	ईपीसी मोड पर विश्व बैंक ऋण सहायता से हरित राष्ट्रीय राजमार्ग गलियारा परियोजना (जीएनएचसीपी) के तहत राजस्थान राज्य में रारा-158 के ब्यावर - असिंद खंड (किमी 74.00 से किमी 116.750) का पेव्ड शोल्डर सहित 2 लेन में पुनर्स्थापन और उन्नयन, पैकेज III.	42.75	169.13
69	भारतमाला परियोजना पैकेज-13 के तहत ईपीसी मोड पर दिल्ली - वड़ोदरा ग्रीन फील्ड संरेखण (रारा-148एन) का एसएच-37ए के जंक्शन के निकट से प्रारंभ होने वाले रारा-76 (चै.. 359.170 से 388.420) खंड पर 8-लेन कैरिजवे का निर्माण	29.25	939.88
क्र. सं.	**कार्य का नाम**	**लंबाई (किमी)**	**संस्वीकृत लागत (करोड़ रु. में)**
70	भारतमाला परियोजना पैकेज-12 के तहत ईपीसी मोड पर दिल्ली - वड़ोदरा ग्रीन फील्ड संरेखण (रारा-148एन) का एसएच-37ए (चै.. 331.030 से 359.170) पर मेज नदी के ऊपर 8-लेन कैरिजवे का निर्माण	28.14	1071.27
71	भारतमाला परियोजना पैकेज-11 के तहत ईपीसी मोड पर दिल्ली - वड़ोदरा ग्रीन फील्ड संरेखण (रारा-148एन) के इंदरगढ़ गांव के निकट हरदेवगंज से मेज नदी (चै. 319.400 से 331.030) के ऊपर 8-लेन कैरिजवे का निर्माण	11.63	887.55
72	भारतमाला परियोजना पैकेज-14 के तहत ईपीसी मोड पर (चै. 388.420 से चै. 419.000) [रारा- 76 के जंक्शन से उम्मेदपुरा गांव के निकट रारा-12 के साथ जंक्शन] तक 8-लेन कैरिजवे का निर्माण	30.58	786.00
73	दिल्ली - वड़ोदरा ग्रीन फील्ड संरेखण (रारा-148एन) (पैकेज-10) (चै. 292.950 से चै. 319.400) [मुइ गांव के निकट रारा-166 पर इंटरचेंज के अंतिम छोर से इंदरगढ़ के निकट हरदेवगंज]	26.45	905.32
74	दिल्ली - वड़ोदरा ग्रीन फील्ड संरेखण (रारा-148एन) (पैकेज-16) (चै. 427.300 से चै. 452.425) [नयागांव जागीर गांव के निकट टकली नदी के ऊपर बड़ा पुल से राजस्थान/म. प्र. सीमा]	25.125	613.79
75	दिल्ली - वड़ोदरा ग्रीन फील्ड संरेखण (रारा-148एन) (पैकेज-15) रारा-12 के साथ जंक्शन से मनोरहपुरा के निकट पुल का आरंभिक बिंदु (चै. 419 से 427.30)	8.30	1000.08
76	ईपीसी मोड पर जयपुर रिंग रोड (रारा-148सी) के [भाग-2 का शेष कार्य (दो इंटरचेंज)] केक्लोवर लीफ (लूप-4.054 रैम्प-2.0, 6लेन कैरिजवे-0.665 किमी) का निर्माण	6.719	118.47
	जोड़	**1716**	**24303**

अनुबंध-।।

'सड़कों के निर्माण संबंधी प्रस्ताव' के संबंध में श्री नीरज डांगी द्वारा पूछे गए दिनांक 02.08.2021 के राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1564 के भाग (ग) और (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

क्र. सं.	कार्य का नाम	लंबाई (किमी)	अनुमानित लागत (करोड़ रु. में)
1	रारा-11 का सीकर - बीकानेर खंड (डीपीआर)	240.00	6.00
2	रारा-11 के किमी 57/0 से किमी 129/00 तक चौड़ीकरण (डीपीआर)	72.00	2.25
3	रारा- 311 के किमी 0/0 से 45/0 तक पेव्ड शोल्डर सहित 2 लेन में उन्नयन (डीपीआर)	45.00	2.25
4	ईपीसी आधार पर रारा-709 वि. पर राजगढ़ बाइपास के डिजाइन चैनेज किमी 0.000 से किमी 5.400 और पिलानी बाइपास के डिजाइन चैनेज किमी 35.840 से किमी 43.120 तक दो लेन सम्मिलित परियोजना राजमार्ग का निर्माण	11.85	126.00
5	रारा-11 (नया) पर फतेहपुर बाइपास, मंडावा बाइपास और झुंझुनू बाइपास (फतेहपुर-7.400 किमी, मंडावा 6.375 किमी और झुंझुनू 13.065 किमी) का निर्माण	26.84	156.87
6	रारा-709 वि. पर एलसी सं. ए-142 सादुलपुर पर आरओबी का निर्माण	0.699	33.45
7	रारा-54 (किमी 0 से 49.7) के पक्का साहना और गोलूवाला बाइपास सहित मौजूदा हनुमानगढ़ बाइपास से केंचियन तक पेव्ड शोल्डर सहित 2 लेन	49.70	350.00
8	चैरावा सिटी के भाग में (किमी 84/0 से किमी 86/600) तक 4 लेन सीसी रोड का निर्माण (सुदृढ़ीकरण)	2.60	10.00
9	रारा-89 के नागौर - बीकानेर सड़क के किमी 161/0 से 172/200 तक किमी 163/500 से 165/300 तक को छोड़कर और किमी 165/500 से किमी 166/0 तक एकबारगी सुधार (आईआरक्यूपी)	8.90	3.95
10	रारा-62 (सूरतगढ़-गंगानगर) के किमी 173/00 से 250/00 (आईआरक्यूपी)	77.90	60.00
11	राजस्थान राज्य में रारा-79 के अजमेर - नसीराबाद सड़क के मौजूदा चैनेज किमी 3/450 से 7/00 तक वैकल्पिक संरेखण (डीपीआर)	5.00	0.4
12	रारा-248ए के शाहपुरा - सरिस्का सड़क के किमी 0/0 से 48/700 तक पेव्ड शोल्डर सहित 2 लेन में उन्नयन	47.12	350
13	रारा-23 (पुराना रारा-11बी) कोथुन - लालसोट - करोली - धौलपुर सड़क के किमी 33/0 से 127/0 तक पेव्ड शोल्डर सहित 2 लेन में उन्नयन	94.00	185.90
14	रारा-79 के अजमेर - नसीराबाद सड़क के किमी 00/00 से 1/800 तक सुदृढ़ीकरण (डीएलपी समाप्ति 04/2021)	1.80	3.00
15	रारा-89 के अजमेर - नागौर के किमी 0/0 से 148/25 तक के छूटे हुए भाग का एकबारगी सुधार (आईआरक्यूपी)	38.00	40.00
क्र. सं.	**कार्य का नाम**	**लंबाई (किमी)**	**अनुमानित लागत (करोड़ रु. में)**
16	रारा-248 के किमी 0/0 से 28/0 तक आईआरक्यूपी (बाई तरफ)	28.00	20.00
17	रारा-25 के बाड़-बिलाड़ा-जोधपुर - बाड़मेर का किमी 111/0 से 125/0	14.00	0.35

	(डीपीआर)		
18	रारा-25 के पचपादरा-बगुंडी खंड (बाड़मेर-पचपादरा-जोधपुर-बाड़-ब्यावर) के किमी 74/0 से 96/0 तक 4 लेन में चौड़ीकरण	21.000	250.00
19	बाड़मेर टाउन के लिए बाइपास का निर्माण	22.00	425.00
20	बालटोरा से संदेराओ वाया जालौर खंड पैकेज-IV के किमी (21.700 से 24.350) और किमी (42.700 से 50.600) और किमी (59.460 से 62.900) और किमी (73.120 से 75.920) और किमी (82.650 से 85.300) और किमी (91.600 से 105.050) और किमी (109.400 से 118.900) और किमी (151.100 से 154.730) तक पेव्ड शोल्डर सहित 2 लेन संरेखण / बाइपास का निर्माण (बाइपास पैकेज)	41.455	437
21	ईपीसी मोड पर रारा-25ई के बाड़मेर रामसर मुनाबाब खंड के किमी 0/0 से 69/0 तक पेव्ड शोल्डर सहित 2 लेन में चौड़ीकरण (पैकेज-1)	69.00	390.00
22	बाड़-बिलाड़ा -जोधपुर-बाड़मेर का किमी 111/0 से 125/0 (आईआरक्यूपी)	14.00	16.84
23	जोधपुर-पोखरण का किमी 4/500 से 11/0 (आईआरक्यूपी)	6.50	5.64
24	रारा-752 के बारन - अकलेरा सड़क पर किमी 0 /0 से 41 /560, 50 /560 से 55 /430 , 64 /530 से 72 /080, 72 /680 से 78 /750 और 79 /050 से 88 /330 (कुल लंबाई 69.240 किमी) तक पेव्ड शोल्डर सहित 2 लेन में उन्नयन (डीपीआर)	69.24	2
25	कोटा पर नादर्न बाइपास चरण-।। के डिजाइन चैनेज किमी 0/0 (एसएच-33 का किमी 178+300) से किमी 12/725 (रारा-52 का किमी 236+800) तक गामच फाटक से बल्लोप के सम्मिलित खंड में पेव्ड शोल्डर सहित 2 लेन का निर्माण	12.75	250.00
26	रारा-752 के बारन - अकलेरा सड़क के किमी 0 /0 से 41 /560, 50 /560 से 55 /430 , 64 /530 से 72 /080, 72 /680 से 78 /750 और 79 /050 से 88 /330 तक का सुदृढ़ीकरण	69.24	75.00
27	रारा-113 के घटोल बाइपास का मौजूदा किमी 133+650 से किमी 138+815 (डीपीआर)	6.55	0.16
28	रारा-927ए के गढ़ी - प्रतापपुर बाइपास का डिजाइन चैनेज किमी 227/900 से किमी 234.550 और सागवाड़ा बाइपास का किमी 208/780 से किमी 216/400 और डूंगरपुर बाइपास का डिजाइन चैनेज किमी 166/320 से किमी 175/480 तक का निर्माण	23.65	282.15
29	प्रतापगढ़ सिटी बाइपास सड़क का पेव्ड शोल्डर सहित 2 लेन में निर्माण	11.165	98.08
क्र. सं.	**कार्य का नाम**	**लंबाई (किमी)**	**अनुमानित लागत (करोड़ रु. में)**
30	रारा-113 के प्रतापगढ़ - पादी खंड (किमी 80.00 से किमी 180.00) तक का पुनर्स्थापन और 2 लेन में उन्नयन / पेव्ड शोल्डर सहित 2 लेन संरेखण और सुदृढ़ीकरण (1340 मीटर के शेष सिविल कार्य का प्रस्ताव)	1.34	6.87
31	रारा-162ई के निचली - ओडेन - नाथद्वारा - हल्दीघाटी- लूसिंग - कुंभलगढ़ - चारभुजा खंड पर किमी 53/200 (Junction with रारा-8 के जंक्शन के साथ) से 142/0 (चारभुजा) तक पेव्ड शोल्डर सहित 2 लेन में उन्नयन (पैकेज-II मौजूदा खंड)	88.80	867.00

32	राजस्थान राज्य में रारा-927ए (स्वरूपगंज-कोटड़ा-सोम-खेरवाड़ा- डूंगरपुर-सागवाड़ा-बांसवाड़ा से म. प्र. सीमा खंड) के किमी 8/0 से 15/0 , 84/0 से 98/0 और 105 से 130/0 तक पेवमेंट के राइडिंग गुणवत्ता कार्यक्रम का सुधार (कुल किमी 46.00).	46.00	20.00
33	ईपीसी मोड पर मंडल टाउन के लिए आरओबी के साथ पेव्ड शोल्डर सहित 2 लेन बाइपास का निर्माण	4.2	40
34	गंगानगर - रायसिंह नगर - रोझरी- अवा - पूगल (पैकेज-I)	102.076	575.00
35	जोधपुर रिंग रोड (पैकेज-II)	30.093	675.58
36	बांदीकुई - जयपुर	67.000	1869.00
जोड़		**1469**	**7636**

****